# पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी देशहित में कठोर निर्णय लेने में रहे सदैव अटल : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 30 करोड़ की लागत से मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में ''अटल लोकतंत्र उपवन'' एवं ''अटल काव्य स्मारक'' बनाने की घोषणा की

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने सुशासन को जनता केंद्रित बनाने का काम किया। उन्होंने जनप्रतिनिधि को सेवा एवं समर्पण से जन उत्थान का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटलजी एक युग, विचार और प्रेरणा थे तथा उनके व्यक्तित्व को राजनीति की सीमाएं बांध नहीं पाईं। वे हमेशा देशहित में कठोर निर्णय लेने में सदैव अटल रहते थे। पोकरण में परमाणु परीक्षण उनकी इसी दृढ़ता का प्रमाण है। पूरे विश्व के दबाव के बावजूद भारत को परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र बनाया और विश्व पटल पर भारत की साख बुलंद की। शर्मा गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर मानसरोवर के सिटी पार्क में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।



**मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद थे।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयपुर के मानसरोवर स्थित सिटी पार्क में 'अटल काव्य स्मारक' के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से ई-लाइब्रेरी एवं पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी। उन्होंने जयपुर में 'अटल लोकतंत्र उपवन' बनाए जाने की भी घोषणा की। इसके लिए उन्होंने 30 करोड़ रुपये के बजट आवंटन की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने अपने आचरण से यह सिद्ध कर दिया कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। वे सरलता, विनम्रता और मृदुभाषी स्वभाव से जन-जन के नेता थे। उन्होंने ने अपने जीवन में यह साबित किया कि कठोर निर्णय लेने के लिए कठोर व्यवहार आवश्यक नहीं है। वे मधुर वाणी के साथ इस्पात जैसे दृढ़ निर्णय ले सकते थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार अटलजी के द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चल रही है।

शर्मा ने कहा कि 15 दिसंबर को हमारी सरकार के जनसेवा के दो वर्ष पूर्ण हुए हैं। इस कम समय में सरकार ने संकल्प पत्र के करीब 70 प्रतिशत वादे पूरे किए हैं। पानी की प्राथमिकता को समझते हुए हमने रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, गंगनहर, देवास परियोजना जैसी परियोजनाओं को लागू किया जा रहा है। इसी तरह प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में दो वर्षों में बिजली उत्पादन क्षमता में 6 हजार 363 मेगावाट की बढ़ोतरी हुई है।

■ **इस प्रोजेक्ट के तहत सिटी पार्क में ई-लाइब्रेरी और पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी**

### सांगानेर मेरी कर्मभूमि, जनविश्वास ही ताकत

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांगानेर मेरी कर्मभूमि है। यहाँ की जनता का विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ा उपहार है और यही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। सांगानेर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर है, जो हस्तकला, हाथ से बने कागज, ब्लू पॉटरी और छपाई कला के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। यहां के कारीगरों की कुशलता और मेहनत ने सांगानेर को एक अलग पहचान दी है। यहां के प्राचीन मंदिर और ऐतिहासिक स्मारक हमारी समृद्ध विरासत के प्रतीक हैं। सांगानेर विधानसभा में पिछले दो वर्षों में हमने विकास के अनेक कार्य किए गए है।

### अटलजी राजनीति में 'अजातशत्रु कहलाए'

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनीति में जहां हर कोई किसी न किसी का विरोधी होता है, वहां अटल जी ऐसे व्यक्ति थे जिनका कोई व्यक्तिगत शत्रु नहीं था। विपक्ष के नेता भी उनका सम्मान करते थे। उनकी महानता यही थी कि वे विचारों के स्तर पर कठोर विरोध करते थे लेकिन व्यक्तिगत संबंधों में सदैव मधुर रहते थे। इसीलिए अटल जी को 'अजातशत्रु' कहा जाता था। अटल जी संवेदनशील कवि भी थे, जिनकी कविताएं राष्ट्रप्रेम, मानवीय संवेदना और जीवन दर्शन से ओतप्रोत थी। मुख्यमंत्री ने अटल जी की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि ''आओ फिर से दिया जलाएं, भरी दुपहरी में अंधियारा, सूरज परछाईं से हारा, अंतरतम का नेह निचोड़ें, बुझी हुई बाती सुलगाएं। आओ फिर से दिया जलाएं।''

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं सांसद मदन राठौड़ ने कहा कि अटलजी ने संगठन को मजबूत करने का काम किया। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने ग्राम सड़क योजना से लेकर स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना को साकार रूप प्रदान किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में आमजन को मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन की सरकार विकास को नई दिशा प्रदान कर रही है। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, महामंत्री श्रवण बगड़ी, कैलाश मेघवाल, भूपेन्द्र सैनी, नारायण मीणा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लाभार्थियों को फोन पर मिलेगी मासिक व्यय की पूरी जानकारी

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में आरजीएचस योजना को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इसी कडी में योजना में पारदर्शिता की दृष्टि से एक और डिजिटल पहल की गई है। इसके तहत राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना के लाभार्थी को उसके द्वारा उपयोग की गई स्वास्थ्य सेवाओं की पूरी जानकारी उसके पंजीकृत मोबाइल पर मिलेगी। इससे लाभार्थी को यह पता चला सकेगा कि किसी भी फार्मेसी, अस्पताल या अन्य एजेंसी द्वारा उसके आरजीएचएस कार्ड का दुरूपयोग तो नहीं किया गया है।

प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने बताया कि कई बार ऐसी शिकायतें सामने आती थीं कि किसी फार्मेसी, अस्पताल या अन्य एजेंसी द्वारा गलत बिल प्रस्तुत कर योजना के तहत भुगतान उठा लिया गया, जबकि लाभार्थी द्वारा ऐसा कोई उपचार या दवा ली ही नहीं गई और ना ही उसे इसके बारे में कोई जानकारी है। इस अनियमितता पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए अब लाभार्थी को उसके द्वारा उपयोग की गई सेवाओं की पूरी जानकारी उसके मोबाइल पर उपलब्ध करवाने की पहल प्रारंभ की गई है। ऐसे में कार्ड का दुरूपयोग होने पर लाभार्थी तत्काल हेल्पलाइन नंबर या आरजीएचएस कार्यालय में तथा हेल्पलाइन 181 पर इसकी सूचना दे सकेगा और अनियमितता करने वाले अस्पताल या फार्मेसी स्टोर के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा सकेगी।

राजस्थान स्टेट हेल्थ एश्योरेंस एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरजीलाल अटल ने बताया कि आरजीएचएस कार्ड के के उपयोग से संबंधित पारदर्शी एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया है।

## सार-समाचार

### डीजीपी ने दिलाई पारदर्शिता की शपथ



**जयपुर** । राजस्थान सरकार के निर्देशों की अनुपालना में गुरूवार को पुलिस मुख्यालय में सुशासन दिवस अत्यंत गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुलिस महकमे ने जनसेवा और पारदर्शिता के नए मानक स्थापित करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का शुभारंभ महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा द्वारा स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान मुख्यालय के तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी पुष्प अर्पित कर भारत रत्न को नमन किया। उपस्थित अधिकारियों ने अटलजी के दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को याद किया, जो सुशासन की अवधारणा के असली प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात एक औपचारिक शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा की मौजूदगी में मुख्यालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से सुशासन की शपथ ली। शपथ के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पुलिस बल न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि आमजन के प्रति जवाबदेह, पारदर्शी और संवेदनशील शासन प्रदान करने के लिए भी संकल्पित है।

### संवेदनशीलता से काम करने का संकल्प



**जयपुर** । सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग में अधिकारियों और कर्मचारियों ने सुशासन दिवस के अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित करते हुए सुशासन की शपथ ली। मुख्यालय अंबेडकर भवन में निदेशक आशीष मोदी ने सभी कार्मिकों को जवाबदेहिता और संवेदनशीलता की भावना से कार्य करने का संकल्प लेने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की जयंती हमें यह स्मरण कराती है कि शासन का वास्तविक उद्देश्य सत्ता संचालन नहीं बल्कि अंत्योदय की भावना से आमजन के लिए कार्य करना है। इस अवसर अतिरिक्त निदेशक रीना शर्मा, अतिरिक्त निदेशक सूंडा राम मीणा, अतिरिक्त निदेशक अरविंद सैनी मौजूद थे।

### कार्मिकों ने ली सुशासन की शपथ



**जयपुर** । पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर पशुपालन विभाग में शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की शपथ दिलाई। इससे पूर्व स्व. प्रधानमंत्री वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान के मूल्यों के अनुरूप ईमानदारी, निष्पक्षता और जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करने का संकल्प लिया।

### श्री ताड़केश्वर मंदिर में पौषबड़ा आज



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में चौड़ा रास्ता स्थित श्री ताडकेश्वर नाथ मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अलौकिक श्रृंगार एवं विशाल पौषबड़ा प्रसादी का वार्षिक आयोजन 26 दिसंबर को शाम 7 बजे से होगा। मंदिर के सेवायत पुजारी राहुल महाराज ने बताया कि कार्यक्रम में इस वर्ष भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा। आयोजन में करीब करीब 15 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के भाग लेने की उम्मीद है।

### अलुमनी मीट में पहुंचे पूर्व विद्यार्थी



**जयपुर** । बैनाड़ रोड जयपुर स्थित श्री बालाजी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में वर्ष 2025 की अलुमनी मीट ''नॉस्टैल्जिया 2025' का आयोजन हुआ। इस अवसर पर लगभग 300 पूर्व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर अपने महाविद्यालयीन जीवन की स्मृतियों को ताज़ा किया तथा अपने व्यावसायिक अनुभव साझा किए। देशभर की प्रतिष्ठित सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं और कंपनियों-जैसे टीसीएस, इंफोसिस, एचसीएल, एक्सेंचर, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एक्सिस बैंक, एचडीएफसी बैंक सहित अन्य संगठनों-में कार्यरत श्री बालाजी कॉलेज के पूर्व छात्र-छात्राओं ने इस आयोजन में भाग लिया। विभिन्न शहरों से आए अलुमनी ने अपने करियर अनुभव साझा करते हुए वर्तमान छात्रों को मार्गदर्शन और प्रेरणा प्रदान की। इस मौके पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुरेंद्र सिंह चौधरी, भागीरथ पूनिया (चेयरमैन), जगदीश चंद्र पूनिया (मैनेजिंग डायरेक्टर), प्रो. (डॉ.) इंदरपाल मील, डॉ. के. सी. शर्मा, डॉ. पवन बडसरावत, डॉ. सुभाष चंद्र जाट, पूनम पूनिया, अंजना पूनिया, डॉ. पंकज मील, महाविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे।

### तीनों विधायकों की सदस्यता खत्म की मांग

**जयपुर** (कासं)। राजस्थान विकास पार्टी के अध्यक्ष हरनाम सिंह सिकरवार ने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर मांग की है कि राजस्थान में तथाकथित रिश्वत लेने के आरोपी विधायकों की सदस्यता समाप्त की जाए। पत्र में सिकरवार ने आरोप लगाया है कि दोनों ही पार्टियों के राज्यस्तरीय नेता, विधायकों के बचाव के लिए षडयंत्र कर रहे हैं और दोनों पार्टियों के केंद्रीय नेतृत्व ने हस्तक्षेप नहीं किया तो राजस्थान विकास पार्टी राज्य स्तर पर आंदोलन करेगी। सिकरवार ने कहा कि एक समाचार पत्र के स्टिंग ऑपरेशन में बयाना से ऋतु बनावत, हिण्डौन से कांग्रेस विधायक अनिता जाटव और खींवसर से भाजपा विधायक रेवतराम डांगा को क्षेत्रीय विकास के लिए आवंटित धन को 40 प्रतिशत दलाली लेकर गैरकानूनी ढंग से आवंटित करने का दावा किया जा रहा है।

## सुपरवाइजर-बीएलओ का सम्मान



**जयपुर** । मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 (एसआईआर) को पूर्ण करने वाले वाले कर्मचारियों का समाज आगे बढ़कर सम्मान कर रहा है। इसी कड़ी में विद्याधरनगर विधानसभा क्षेत्र के कर्मचारियों का वीकेआई रोड नंबर-12 स्थित श्रीराम बैंक्वेट हॉल में सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की आयोजक वार्ड नंबर 7 की निवर्तमान पार्षद संतोष अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश अग्रवाल ने सुपरवाइजर दुर्गा लाल सैनी, जयराम, विद्याधर और रघुराज शर्मा, बूथ लेवल ऑफिसर और सहायक कर्मचारियों को साफा-माला पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजिका और बूथ लेवल ऑफिसर ज्योति शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी प्रबंधन की ओर से सभी सुपरवाइजर को लोकतंत्र प्रहरी सम्मान स्मृति चिह्न, गोविंद देवजी का चित्र, दुपट्टा, प्रसाद भेंट कर सम्मानित किया गया। करीब 25 बीएलओ और सहायक कर्मचारियों को लोकतंत्र समर्थ सहयोगी सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में मनोज पंवार, रघुवीर सिंह,सुमन सियाग, सुरेंद्र सिंह शेखावत,प्रभु दयाल दरिया, राहुल मीणा, निशा कुमावत,जगदीश प्रसाद लाटा,नेहा चौधरी, रविंद्र सिंह, ज्योति शर्मा को लोकतंत्र समर्थ सहयोगी सम्मान से नवाजा गया।

## 5240 लीटर संदिग्ध घी जब्त



**जयपुर**। सीएमएचओ जयपुर द्वितीय की टीम ने कार्यवाही करते हुए बगरू में 5 हजार 240 लीटर संदिग्ध देशी घी जब्त किया, जिसकी कीमत बत्तीस लाख रुपए बताई गई है।

सी.एम.एच.ओ. जयपुर द्वितीय डॉक्टर मनीष मित्तल ने बताया कि बगरू थाना पुलिस की सूचना पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल को कार्यवाही के लिए भेजा गया था। बगरू के लोहरवाड़ा स्थित भैरव विहार कॉलोनी के एक प्लॉट में प्रदीप बढेरा ने गोदाम बना रखा था जो ग्रामीण एरिया की दुकानों पर घी सप्लाई कर रहा था।

नमस्ते कृष्णा,डेयरी सरस और डिजायर ब्रांड का घी अजमेर के सिराधना स्थित श्री श्याम फूड प्रोडक्ट्स से निर्माण कर सप्लाई किया जा रहा था। जहां तीनों ब्रांड के नमूने लेकर शेष घी को जांच रिपोर्ट प्राप्त होने तक सीज किया गया है। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद थारवान,राजेश नागर एवं अवधेश गुप्ता शामिल रहे।

## 'देश व समाज की तरक्की और खुशहाली के लिए प्रयास जरूरी'

**जयपुर**। सुन्नी दावते इस्लामी की ओर से आयोजित 1500वां जश्ने ईद मिलादुन्नबी व 814वां उर्से ख्वाजा गरीब नवाज इज्तेमा में बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। जयपुर शहर मुफ्ती मौलाना मुफ्ती अब्दुस्सत्तार रजवी की सरपरस्ती में यहां घाटगेट पर आयोजित इज्तेमा में मुख्य अतिथि एवं सुन्नी दावते इस्लामी (मुम्बई) के अमीर मौलाना मुहम्मद शाकिर अली नूरी ने ख्वाजा गरीब नवाज की जीवनी पर विस्तार से रोशनी डाली।

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती ने कुरान की तालीम को आम करने, इंसानियत और अमन व शांति के लिए सूफीइज्म की तालीम का प्रचार किया और बताया-अगर एक नौजवान अपने आप को बदलना चाहे तो बदल सकता है और समाज में इंकलाब पैदा कर सकता है। मुख्य वक्ता अल्हाज मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी किब्ला (मालेगांव) मुहब्बत ए रसूल के जरिए इस्लाम की बुनियादी व अखलाकी तालीम को आम करना और अल्लाह की बनाई कायनात में गौर करना व दुनियावी तालीम में बैदारी लाई जाए, इस सिलसिले में विस्तार से ख्याख्यान दिया।

अल्हाज मौलाना सय्यद मुहम्मद कादरी (जयपुर) ने नमाज की अहमियत पर विस्तार से व्याख्यान देते हुए कहा-जब बंदा अपने रब के आगे झुकता है तो वह अपने रब के करीब हो जाता है और डॉक्टर अल्लामा इकबाल के कोल-वो एक सज्दा जिसे तु गिरां समझता है हजार सज्दों से देता है आदमी को निजात, सुनाते हुए अपनी बात पर विराम दिया।

## डीडवाना-कुचामन में 1.35 लाख विद्यार्थियों की आंखों की जांच हुई

### कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत के निर्देशन में जिले में चलाया गया ''सेफ आई-सेफ फ्यूचर'' अभियान

**डीडवाना-कुचामन** (कासं)। डीडवाना-कुचामन जिले में कलक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत के निर्देशन में सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की आँखों की जांच के लिए ''सेफ आई-सेफ फ्यूचर'' अभियान चलाया जा रहा है। इस मुहिम में अब तक 1.35 लाख से ज्यादा बच्चों की आंखों की निःशुल्क जांच हुई है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि उनके शैक्षणिक विकास एवं स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़े।



कलक्टर डॉ. खडगावत ने बताया कि वर्तमान समय में डिजिटल उपकरणों के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों में आँखों से संबंधित समस्याएं बढ़ रही है। बच्चों की आंखों का स्वास्थ्य सीधे उनकी शिक्षा और समग्र विकास से जुड़ा है। यदि दृष्टि दोष का समय पर पता चल जाए, तो इसे भविष्य में होने वाली गंभीर समस्याओं से बचाया जा सकता है। ऐसे में यह अभियान एक नवाचार के रूप में जिले के बच्चों के स्वस्थ नेत्र, सुरक्षित भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेंद्र चौधरी ने बताया कि कलक्टर डॉ. खडगावत के निर्देशन में अभियान के प्रथम चरण में शिक्षा विभाग की सहायता से 1.35 लाख से ज्यादा विद्यार्थियों की आँखों की प्रारंभिक जाँच कर विद्यार्थियों की दृष्टि की स्क्रीनिंग कर नेत्र संबंधी संभावित समस्याओं को चिन्हित किया गया है। अभियान के द्वितीय चरण में चिकित्सा विभाग द्वारा गठित 9 टीमों ने लगभग 45 दिनों की अवधि में चिन्हित विद्यार्थियों की आंखों की विस्तृत जांच नेत्र विशेषज्ञों द्वारा की गई, जिसमें कुल 4161 विद्यार्थियों में अस्पष्ट दिखने, धुँधला दिखाई देने तथा दूर का कम दिखाई देने जैसी आँखों से संबंधित समस्यायें पाई गई। जिला प्रशासन द्वारा इन सभी विद्यार्थियों को शीघ्र ही भामाशाहों के सहयोग से उपयुक्त क्षमता के निःशुल्क चश्मे उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि उनकी पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

## मुख्यमंत्री से मिले सिख समाज के प्रतिनिधि

**जयपुर** (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास पर सिख समुदाय के प्रतिनिधिमण्डल से मुलाकात की। उन्होंने वीर बाल दिवस (26 दिसम्बर) की पूर्व संध्या पर कहा कि गुरु गोबिंद सिंहजी के साहिबजादों ने मातृभूमि एवं धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेकर साहिबजादों की शहादत को वीर बाल दिवस के रूप में चिरस्थाई बनाया। उन्होंने युवा पीढ़ी से साहिबजादों के अदम्य साहस और बलिदान से प्रेरणा लेने की अपील की।

■ **साहिबजादों का साहस और बलिदान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा : सीएम**

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी, राजस्थान सिख समाज अध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह तथा जयपुर के विभिन्न गुरुद्वारों के प्रतिनिधि सहित विभिन्न गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# दहेज की लगातार मांग से परेशान होकर विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

## 4 महीने के बेटे के साथ आई थी पीहर, गेहूं की टंकी से निकालकर कीटनाशक दवाई खाई

**जयपुर** (कासं)। महेश नगर थाना इलाके में दहेज की मांग से परेशान होकर एक विवाहिता ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। कीटनाशक खाने के बाद अचानक से विवाहिता की तबियत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजनों ने उसे तुरंत सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में उपचार दौरान उसकी मौत हो गई। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर विवाहिता के ससुराल पक्ष के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

■ **महेश नगर थाना पुलिस कर रही है मामले की जांच**

पुलिस ने बताया कि महेश नगर इलाके में स्थित रामनगर विस्तार, कटारिया कॉलोनी निवासी श्वेतरा राव (32) ने गेहूं की टंकी में रखा कीटनाशक निकाला और उसका सेवन कर लिया। जिसके बाद उसकी अचानक से तबियत बिगड़ गई। गंभीर अवस्था पर परिजन उसे सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उपचार दौरान उसकी मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि श्वेता की शादी जुलाई-2024 में फतेहपुर शेखावाटी निवासी नरेश सिंह के साथ हुई थी और मृतका श्वेता के 4 माह का बेटा है। पिछले 1 महीने पहले ही वह 4 महीने के बेटे के साथ पीहर आई थी। गत 21 दिसंबर की शाम करीब 4 बजे गेहूं की टंकी में रखे जहर को निकालकर लाई और कमरे में आकर अपने मासूम बेटे के सामने उसे खा लिया। जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई और जमीन पर गिर गई। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे अचेत अवस्था में फर्श पर पड़ा हुआ देखा। जिसके बाद परिजन उसे उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां पर उपचार दौरान श्वेता ने दम तोड़ दिया। मेडिकल इत्तला पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस ने बुधवार को मृतका की मां की शिकायत पर दहेज हत्या का मामला दर्ज किया है।

### भाई मिलने पहुंचा तो उससे भी की मारपीट

बताया जा रहा है कि शादी के बाद से ससुराल वाले आए दिन दहेज के लिए प्रताडित कर रहे थे और 2 लाख रुपए अपने परिजनों से मंगवाने के लिए आए दिन मारपीट कर रहे थे। गत 13 नवंबर को भाई गजराज को भी पीड़िता के ससुराल वालों ने वीडियो कॉल पर जान से मारने की धमकी दी थी। जिसके बाद भाई फतेहपुर शेखावाटी पहुंचा तो ससुराल पक्ष के लोगों ने उसके साथ मारपीट की। परिजनों ने फतेहपुर के कोतवाली थाने में बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करने की शिकायत की थी। पुलिस के बुलाने पर ससुराल वाले श्वेता और उसके बेटे को लेकर फतेहपुर कोतवाली थाने पहुंचे। पुलिस को श्वेता ने आपबीती सुनाई। घरवालों के साथ जाने की कहने पर पुलिस ने श्वेता और उसके बेटे को परिजनों के साथ जयपुर भेज दिया। श्वेता के साथ ससुराल वालों ने काफी मारपीट की थी। जिसके कारण उसके शरीर पर कई जगह चोटें आई थी। जयपुर लाने के बाद श्वेता का इलाज करवाया जा रहा था। उस दौरान भी उसके ससुराल वाले कॉल कर श्वेता को धमकी देकर टॉर्चर कर रहे थे। आए दिन की धमकी से परेशान होकर श्वेता ने जान दे दी।

## सीए ऋषि अग्रवाल को डॉक्टरेट उपाधि



**जयपुर** । गांधी शांति फाउंडेशन नेपाल द्वारा देश की विभूतियो को विभिन वर्गो में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रधान की गई। सीए ऋषि अग्रवाल को भी डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजा गया। उनको यह उपाधि अपने शोध ''एन इम्पीरिकल स्टडी ऑफ फाइनेंशियल स्टेटमेंट अण्डर आईएफआरएस विद आईटी कम्पनीज'' के लिए दी गई। रींगस के रहने वाले ऋषि अग्रवाल ने वाणिज्य संकाय में अनेकों डिग्री और डिप्लोमा ले रखे हैं। बता दें कि ऋषि अग्रवाल भारत सरकार के स्वायत्त निकाय में कार्यरत है। उनको पूर्व में भी विभिन राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।